## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छहरी में कार्यक्रम आयोजित



**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत कटनी ग्राम पंचायत छहरी के ग्राम खजुरी की शिव टेकरी में आयोजित कार्यक्रम में बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, अशोक विश्वकर्मा की मौजूदगी मे विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अखिल पांडे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश पटेल जिला पंचायत के जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया, छहरी सरपंच रामकली चौधरी, विजय गुप्ता, राकेश यादव, हर्ष दुबे, प्रदीप सिंह, डॉक्टर तेज सिंह केशवाल, एसके खर्द, पंचायत समन्वय अधिकारी आरके तिवारी, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, नगर विकास पशुपतिनाथ समिति वार्ड क्रमांक 45 के सदस्य रामजी मिश्र, वह अन्य प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं सहित अन्य गणमान्य जनों एवं विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की विशेष उपस्थिति रही।

### पुलिस ने रात भर में 44 वारंटियों को धर दबोचा

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित कांबिंग गस्त के दौरान विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह के नेतृत्व में विजयराघवगढ़ अनुभाग के बरही, कैमोर एवं विजयराघवगढ़ थाने की पुलिस टीम के द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही अंजाम दी गई। अपराधियों के खिलाफ शिकंजा करते हुए तीनों थानों की पुलिस टीम के द्वारा कुल मिलाकर 44 वारंटियों की धर पकड़ करते हुए अवैध मादक पदार्थों एवं अपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कार्यवाहियों को अंजाम दिया गया। पुलिस टीमों के द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्यवाहियों के कारण क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह के निर्देशन पर कैमोर, बरही एवं विजयराघवगढ़ थाने में विशेष टीम बना कर कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों ने रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक आपराधिक गतिविधियों एवं वारंटी की घरपकड़ करते हुए 13 स्थाई वारंटी, 31 गिरफ्तारी वारंटी कुल मिलाकर 44 वारंटी पकड़कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इसके अलावा पुलिस टीमों के द्वारा क्षेत्र के आपराधिक छवि वाले लोगों के ठिकाने में दबिश देकर उनकी गतिविधियों पर भी निगाह रखी गई। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाही से आपराधिक गतिविधियों में संल्पित अरोपियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है, पुलिस ने इस कार्रवाही से सफलता हासिल की है।

### जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते हर वर्ष नीचे जा रहा भूजल स्तर

# बिना वॉटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम हो रहे नए भवनों के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लगातार गिरते भूजल स्तर से गहराए जल संकट से चिंतित सरकार ने बड़े भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के आदेश दिए हैं। अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल संग्रहण कार्य अनिवार्य रूप से करने को लेकर पाबंद किया, लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। जल संकट पर आने वाली विपत्तियों को लेकर बैठकों में जल संग्रहण के लिए बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन कई सरकारी कार्यालय, भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नकारा साबित हो रहे हैं। जल संग्रहण को लेकर कोई ठोस उपाय नहीं किए गए है।



मानसून के दस्तक देने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, इस बार भी जिले में बारिश के बाद कई जगह जलभराव की स्थिति देखने को मिलेगी। बारिश का पानी नाले और नालियों में बहेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि शहरी क्षेत्र में लोग पानी बचाने को लेकर जागरुक नहीं हैं। न तो सरकारी कार्यालयों, स्कूल भवन और सामुदायिक भवन पर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए गए हैं और न ही नए निर्माणाधीन मकानों पर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सरकारी विभागों के द्वारा तैयार बिल्डिंगों पर भी बारिश का पानी सहेजने के लिए कोई सिस्टम नहीं है। यह हालात तब है जब जल संरक्षण के प्रति सरकारों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। मकानों और भवनों के निर्माण पर लोग भले ही पैसा खर्च कर रहे हों लेकिन उन्हें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लगवाना मंजूर नहीं हैं। यह हालात शासकीय भवनों पर भी नजर आते हैं। जबकि 300 मीटर वर्गमीटर के मकान में ज्यादा भूखंड पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना जरूरी है। लेकिन मकाननों व दुकानों सहित कुछ शासकीय भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा है। जिले में हर साल भूजल स्तर गिरने के चलते गर्मियों के सीजन में पानी का संकट गहरा जाता है। रोजाना नए मकानों का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम की अनुमति आवश्यक होती है। लेकिन कुछ ही लोग भवन निर्माण की अनुमति लेते हैं। अधिकांश लोग भवन निर्माण की अनुमति नहीं लेते हैं। लेकिन इसकी मॉनीटरिंग करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। लिहाजा, लोग तीन से चार मंजिला इमारत खड़ी कर देते हैं और उनमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सुविधा भी नहीं रहती है। हार्वेस्टिंग सिस्टम लगे हैं या नहीं इसे देखने के लिए भी अधिकारियों के द्वारा कोई जहमत नहीं उठाई जाती है। बारिश के मौसम में वाटर लेवल की स्थिति ठीक होती है, लेकिन बारिश का पानी संचय करने के लिए जिले में कोई भी इंतजाम शासकीय भवनों में भी देखने को नहीं मिल रहे हैं। खास बात तो यह है कि निगम प्रशासन किसी भी भवन के निर्माण की अनुमति वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त पर देती है, लेकिन मकानों की जांच नहीं होने के चलते लोग इस सिस्टम को नहीं लगवाते है।

यदि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है तो जमीन के अंदर का जलस्तर आसानी से बढ़ाया जा सकता है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में जमीन में 3 से 5 फीट चौड़ा और 6 से 10 फीट गहरा गड्ढा खोदना होता है। खुदाई के बाद इसमें सबसे नीचे मोटे पत्थर, बीच में मध्यम आकार के पत्थर और सबसे ऊपर रेत डाली जाती है। यह सिस्टम फिल्टर का काम करता है। छत से पानी पाइप के जरिए गड्ढे में उतार दिया जाता है। गड्ढे से पानी छनकर जमीन में चला जाता है। इस पानी को फिल्टर के जरिए टैंक में एकत्रित कर उपयोगी बनाया जा सकता है।

## जमीन विवाद पर दो पक्षों के बीच हुआ खूनी संघर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के बिलहरी चौकी अंतर्गत ग्राम घुड़हर में रविवार रात जमीनी विवाद के कारण दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में मासूम बच्चों सहित वृद्ध तक घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल लाया गया है जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बिलहरी चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम घुड़हर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी यादव परिवार के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल आ रहा था। गत रात्रि भी इसी बात को लेकर संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई।

दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कुल्हाड़ी, लाठी और बका से हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच हुए संघर्ष में की सिकिया पिता खुलासी यादव 70, मोहनलाल पिता सिकिया 50, सोनू पिता हरि मोहन 20, सोनेलाल पिता सिकिया 60, कल्लू भाई पति सोनेलाल 55, हरिमोहन पिता राम प्रसाद 52, दादू पिता सिकिया 50, दिशा पिता ईश्वरदीन 3, ईश्वरदीन पिता सोनेलाल 30, जितेंद्र पिता दादू लाल यादव 26 एवं दूसरे पक्ष से राम भरोसे पिता रामकेश यादव 32, अनिल पिता किशन लाल 27 और रामकेश पिता भूत लाल यादव 52 को गंभीर चोटें आई है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## 23 जून को 1.75 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बीते वर्षों की भांति शासन द्वारा इस वर्ष भी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार 23 जून को 0 से 5 वर्ष के जिले के एक लाख 73 हजार 469 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा, बूथ पर पिलायी जावेगी। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने 5 वर्ष तक के बच्चों के पालकों और अभिभावकों से अपील की,है कि वे अपने नजदीकी बूथ जाकर अपने बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलवायें।

पल्स पोलियों अभियान मे जिले के 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1 लाख 73 हजार469 बच्चो को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर सुविधा की दृष्टि से दवा पिलाने कुल 1 हजार 672 बूथ बनाये गये है। जिसमे 3 हजार 525 कर्मचारी कार्यरत रहेंगे। रविवार 23 जून को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ पर बच्चों को दो बूदं दवा पिलायी जावेगी। पोलियो से निजात पाने का एक मात्र साधन पोलियो की दवाई है। सभी अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा, बूथ पर ले जाकर आवश्यक रूप से पिलवायें। कलेक्टर ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि अपने 0 से 5 वर्ष के बच्चो को बूथ मे ले जाकर पोलियो की दो बूंद दवा आवश्यक रूप से पिलवायें एवं जिले के साथ सम्पूर्ण भारत को पोलियो से मुक्त रखे जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करे। 0 से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों में इस बीमारी से लडने की एक साथ क्षमता बढती है, और इससे पोलियो विषाणु को किसी भी बच्चे के शरीर में पनपने की जगह नहीं मिलेगी। पोलियो मुक्त करने के लिये वर्षों से प्रयास किये जा रहे हैं। जिसमें काफी हद तक सफलता मिली है, परन्तु यदि हम इस अभियान को निरंतर जारी नहीं रखेंगे तो यह पोलियो लौटकर वापस आ सकता है और इस बीमारी से प्रसित हो सकते हैं।

## विभागीय प्रताड़ना से प्रधान आरक्षक ने किया विषपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरहनी चौकी में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक द्वारा विषपान किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी परिजनों को लगते ही तत्काल निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रैफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरहानी चौकी में पदस्थ लगभग 55 वर्षीय प्रधान आरक्षक शशि शुक्ला ने सोमवार की सुबह करीब 10 बजे विषपान कर लिया। परिजनों ने बताया कि प्रधान आरक्षक शशि शुक्ला करीब एक माह से विभागीय प्रताड़ना के चलते परेशान थे जिसके चलते उन्होनें यह आत्मघती कदम उठाया। परिजनों की मानें तो रविवार की रात्रि चौकी में किसी सहकर्मी के साथ उनका वाद विवाद तथा हाथापाई हुई थी, जिसके बाद वे घर नहीं पहुंचे। इस बात की जानकारी जब उनके पुत्र को हुई तो वह चौकी पहुंचकर प्रधान आरक्षक को घर ले गए, घर पहुंचने के बाद प्रधान आरक्षक शशि शुक्ला ने सल्फास का सेवन कर लिया, कुछ देर बाद जब उन्हें उल्टियां होने लगी परिजनों ने तत्काल निजी अस्तपाल ले गए वहां से उन्हें जबलपुर रैफर कर दिया गया। जबलपुर में निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शाम करीब 4 बजे उन्होनें अंतिम सांस ली। घटना के बाद विभाग के अंदर खलबली मची हुई है।

## खेत में लहलहा रही थी गांजे की खेती, पुलिस ने आरोपी को दबोचा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बारनमहगवा में गत दिवस गांजे की खेती पकड़े जाने से पूरे जिले में खलबली मच गई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के लीडरशिप में गांजा तस्करी और बिक्री के खिलाफ बीते दिनों कई कार्यवाहियां देखने को मिली लेकिन गांजे की खेती पहली बार पकड़ी गई है। बताया जाता है कि पकड़े गए आरोपी ने अपने खेत में अन्य फसलों के साथ गांजे की खेती भी कर रखी थी। उसके द्वारा बड़े पैमाने पर गांजे की खेती करने की योजना बनाई जा रही थी। इससे पहले कि वह अपने मंसूबों में कामयाब हो जाता पुलिस ने उसे दबोच लिया।

बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बरनमहगवा में गांजे की खेती किए जाने की सूचना मुखबिर के द्वारा पुलिस को मिली थी सूचना गंभीर होने के कारण खलबली मच गई। मुखबिर से पुख्ता सूचना मिलने के बाद पूरे



मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन को दी गई, जिसके बाद एसपी श्री रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में विजयराघौगढ़ एसडीओपी केपी सिंह के द्वारा गांजे की खेती पकड़ने के लिए बरही और खितौली पुलिस की संयुक्त टीम ने गांजे वाले खेत की तलाश करते हुए आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बरनमहगवा निवासी 63 वर्षीय शीतल प्रसाद पिता स्वर्गीय राम प्रसाद तिवारी के द्वारा उमराड नदी के समीप स्थित अपने खेत में अन्य फसलों के साथ गांजे के पौधे भी लगाए गए थे। खेत में एक झोपड़ी भी बनी थी। झोपड़ी के आसपास अधिकतर गांजे के पौधे लगे हुए थे। 16 जून की शाम लगभग 5 बजे जब पुलिस ने जब वहां रेड मारी तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे घेराबंदी करके पकड़ा गया पुलिस के द्वारा आरोपी शीतल प्रसाद तिवारी के खेत से लगभग आधा सैकड़ा बड़े गांजे के लहलहाते पौधे पकड़े गए हैं। आरोपी के खेत से लगभग 4 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया आरोपी के खिलाफ 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी के खेत से जप्त किए गए गांजे की बाजारू कीमत लगभग 42 हजार रुपए बताई जा रही है। जिले में गांजे की खेती पकड़े जाने से विभाग के अंदर खलबली मची हुई है। अब पुलिस इस तरह की खेती करने वाले अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोचने के काम में लग गई है।




### कलेक्टर, महापौर, कमिश्नर सहित गणमान्यजन रहे मौजूद

# कटाये घाट में आयोजित हुई गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुआं, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतों के जल संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया गया। जल-गंगा संवर्धन अभियान के अंतिम दिवस गंगा दशमी के अवसर पर जिले भर में जनसहयोग से श्रमदान, कलश यात्रा सहित पूजन अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा कटायेघाट नदी पर गंगा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान समापन एवं गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को कटाये घाट में आयोजित हुए गंगा आरती कार्यक्रम के दौरान



कलेक्टर अवि प्रसाद, महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,एसडीएम प्रदीप मिश्रा, निगम आयुक्त विनोद शुक्ल के अलावा जिला प्रशासन एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महापौर श्रीमती सूरी, कलेक्टर अवि प्रसाद, निगम अध्यक्ष एवं निगम आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महापौर श्रीमती सूरी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमे अपने पूर्वजों के अनुभव और उनके दूरदर्शी विचारों पर गौर करना होगा। जल है तो कल है की तर्ज पर हमें अपने जल स्त्रोतों को संवारने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में केसीएस स्कूल से आई छात्राओ के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर ऑनलाइन वर्चुअल लिंक के माध्यम से जुड़कर सभी के द्वारा सामूहिक संकल्प लिया गया। साथ ही नदियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### आरती करने उमड़ी भीड़

कार्यक्रम के अंत में काशी की तर्ज पर कटाये घाट स्थित नदी के तट पर गंगा आरती की गई। इस दौरान भारी संख्या में मौजूद लोगों के बीच महापौर श्रीमती सूरी, कलेक्टर अवि प्रसाद, निगम अध्यक्ष, एसडीएम , निगमायुक्त, एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, तुलसा गुलाब बेन, शशिकांत तिवारी, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, प्रभा गुप्ता, सुमित्रा रावत, उमेन्द्र अहिरवार, प्र.कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, प्र सहायक यंत्री आदेश जैन, अनिल जायसवाल, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, शैलेंद्र प्यासी सहित सैकड़ो लोगों ने गंगा आरती में हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### जहर खुरानी के सेवन से नवविवाहिता की हुई मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गणेशपुर में एक नवविवाहिता महिला ने विषपान कर अपनी जान दे दी। पुलिस ने सूचना पर मामले को पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गणेशपुर निवासी अंजली पति विनय पटेल (19) ने घर मे अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ को पी लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला के द्वारा यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया गया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### कटनी को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आज

कटनी। ''कटनी को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता'' के तहत आज मंगलवार 18 जून को कारीतलाई के विष्णु वराह के राष्ट्रीय स्मारक पर एवं ऐतिहासिक तौर पर प्रसिद्ध क्षेत्र से संबंधित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में सवाल पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 18 जून मंगलवार की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में https://youtu.be/DLbxp92qgGc मे जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है। क्विज़ के सवालों को भी 18 जून को रात 12 बजे तक जिला प्रशासन की https://katni.nic.in/event/कटनी-को-जानो-प्रतियोगिता/ पर देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के राष्ट्रीय महत्व के स्मारक विष्णु वराह कारीतलाई के भगवान विष्णु के पांचवी सदी के स्थापित अद्भुत मंदिर, सहित विंध्य पर्वत माला मे बसे इस ग्राम कल्चुरी शासकों के कला केंद्र की जानकारी सहित देश विदेश की शोभा बने यहां के पुरावशेष एवं यहां पर स्थापित भगवान गणेश, भगवान विष्णु वराह एवं शिव पार्वती की प्रतिमाओं सहित यहां से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जायेगी।

### जल्द कराया जाए वृहद वृक्षारोपण

कटनी। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किए जाने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद को पत्र प्रेषित करते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें पत्र में वृक्षारोपण हेतु स्थानों का उल्लेख करते हुए लिखा कि ग्रीष्म ॠतु में शहर हीटवेब का प्रकोप होने से अनेक परेशानियों का सामना शहर की जनता को करना पड रहा है। आगामी समय में वर्षा ॠतु प्रारंभ होने पर शहर के अनके हदय स्थालों पर जैसे लाल पहाडी, कटाये घाट, दुगाडी नाला के समीप, औघोगिक स्थल (इंड्रिस्टल एरिया), अमीरगंज, भट्टा मोहल्ला स्थित खदानों के आस पास एवं नदी के घाटों पर, नजूल की खाली पड़ी भूमि पर ,मुख्य मार्गों के दोनों तरफ एवं कटनी के अन्य स्थानों का चयन करते हुए सघन वृक्षारोपण कार्य कराया जाना आवश्यक है, ताकि हमारा शहर हरित क्रांति से परिपूर्ण सुसज्जित हो सके।

### जारवाही तालाब परिसर में चला सफाई अभियान

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी के अवसर परमुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं छात्र - छात्राओं की मौजूदगी में जरवाही स्थित तालाब परिसर और मंदिर के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विधायक द्वारा स्थानीय जानो के साथ मिलकर मंदिर एवं तालाब परिसर के आस-पास श्रमदान कर स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण हेतु रंगोली बनाई जाकर तालाब में दीपदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रदीप सिंह, स्थानीय सरपंव आदि मौजूद रहे।

### 30 बेड के नाम खेला जा रहा फायर एनओसी का खेल

# बिना मानक वाले आधा सैकड़ा निजी अस्पतालों का किया जा रहा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इन दिनों जिले भर में बिना मानक वाले अस्पातलों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है, जहां जिम्मेदारों द्वारा तमाम नियमो को अनदेखा कर प्रसाद जैसे रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं जिससे मरीजो की जान का खतरा बना रहता है। नियमो के अनुसार निजी अस्पताल या क्लिनिकल अगर 15 मीटर की ऊचांई पर हैं और एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र से तीन हजार वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में बने हैं तो उन्हें फायर एनओसी की आवश्यकता होती है। ऐसे में जिले भर में संचालित करीब आधा सैकड़ा निजी अस्पतालों ने 30 बैड का क्लीनिक दिखाते हुए फायर एनओसी से बच रहे हैं वहीं उनका रजिस्ट्रेशन करने वाले जिम्मेदार अधिकारी अस्पताल की ऊंचाई व क्षेत्रफल को अनदेखा कर प्रसाद जैसे रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सत्यापन में अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी कर अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन कराने सहमति दी है, विभाग द्वारा बिना मानक वाले दर्जनों नर्सिंग होम व निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन कर दिया है।

रजिस्ट्रेशन के लिए निजी अस्पताल संचालकों की ओर से आये आवेदनों पर विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल संचालकों से सेटिंग कर अस्पतालों के सत्यापन में मानकों की अनदेखी का बड़ा खेल किया है। विभाग की ओर से रजिस्टर्ड किये गये इन अस्पतालों में न तो पर्याप्त चिकित्सक हैं न ही पर्याप्त प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी हैं। अस्पताल संचालक मामूली मेडिकल की वस्तुएं व जांच की सुविधाएं रखकर धड़ल्ले से अस्पताल चला रहे हैं। इलाज के नाम पर मरीजों की सेहत से न सिर्फ खिलवाड़ किया जा रहा है बल्कि उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ऐसे अस्पतालों के मान्यता पर अब सवाल भी उठाए जाने लगे हैं। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी की माने तो मानकों को पूरा न करने वाले अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की भी कार्रवाई की जा सकती है।

**ये हैं मानक**

डिप्लोमा होल्डर फुल टाइम फार्मासिस्ट, 10 बेड पर एक नर्सिंग सहायक, एक क्लास फोर्थ कर्मी व एस स्टाफ 30 प्रतिशत एक्सट्रा रात व अवकाश के दिन, दो लैब टेक्नीशिन व लैब असिस्टेंट, एक प्रशासनिक अधिकारी, आवासीय मेडिकल आफिसर डे नाइट, कन्सलटेण्ट डॉक्टर अलग अलग बीमारी के मुताविक, स्पेशल परीक्षण कक्ष, ट्रीटमेंट ड्रेसिंग रूम, नर्स स्टाफ /5 बेड , ओटी स्टॉफ फुल टाइम टेक्निकल एनेस्थीसिया, असिस्टेंट व टेक्नीशियन, पूछताछ कक्ष, पंजीयन कक्ष, रैम्प, कॉरीडोर, मरीजो के इंतजार करने का एरिया, डायग्नोटिक्स सेक्शन का भवन, बिजली जनरेटर की सुविधा, इलाज का विभागवार एरिया, खाने की सुविधा कैंटीन, हर स्पेशल विभाग का अलग अलग रूम, ड्रग स्टोर, लैब सुविधा, कैन्टीन आदि।

जिले के लगभग 70 फीसदी निजी अस्पताल व नर्सिंगहोम छोटे-छोटे घरों में संचालित हैं। जबकि अस्पताल के संचालन वाले भवन के लिए इंडियन मेडिकल कौंसिल की ओर से एक मानक निर्धारित किया गया है। अस्पताल में बने वार्ड, डॉक्टर रूम, ट्रीटमेंट रूम, ऑपरेशन रूम, डिलेवरी रूम, मरीजों व उनके परिजनों के लिए बैठने के लिए पर्याप्त स्थान, कैंटीन व पार्किंग, पेयजल और शौचालय की पर्याप्त स्थान निर्धारित किया गया है। जिले में कुछ अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो अधिक तर अस्पताल पहले से बने छोटे बड़े घरों में ही संचालित हैं। शहर में दर्जनों ऐसे निजी हॉस्पिटल का संचालन खुलेआम किया जा रहा है जो मानक व तमाम नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। कई निजी अस्पतालों में पार्किंग की सुविधा नहीं है तो कई अस्पतालों में बाकी तमाम मानकों को ताक में रखकर संचालन किया जा रहा है। अधिक लाभ कमाने के चक्कर में ऐसे नर्सिंग होम व निजी अस्पताल संचालकों की ओर से अपने बेहद कम संसाधन के बावजूद अधिक मरीजों को भर्ती कर न सिर्फ उनका शोषण किया जा रहा है बल्कि सेहत से खिलवाड़ किया जाता है।

## ठेकेदार ने बना दिया मौत का ब्रेकर, चोटिल हो रह लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनता की गाढ़ी कमाई का किस प्रकार खुलेआम लूट मची हुई है यह नजारा डॉ जाकिर हुसैन वार्ड में सरस्वती स्कूल के सामने बने मौत के ब्रेकर को देखकर लगाया जा सकता है। जहां प्लेन सड़क पर विशेषज्ञ की सलाह के बिना ही ठेकेदार द्वारा ऐसा ब्रेकर बनाया गया है जो कभी न कभी किसी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है।

इस सड़क से जो भी गुजरता है वह ठेकेदार द्वारा बनाए गए अदभुत ब्रेकर को देखकर दंग रह जाता है। ऐसे ब्रेकर से लोगों को सहूलियत की जगह चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि पिछले करीब दस दिनों में पांच से छ छुटपुट घटनाएं सामने आ चुकी हैं, बाईक में सवार दूधवाला जैसे ही यहां से गुजरा वह मोटर सायकल से अनियंत्रित होकर चोटिल हो गया। दूध के डब्बे ब्रेकर की वजह से नीचे जा गिरे और सारा दूध जमीन पर गिर गया। ऐसे ही एक छात्रा स्कूटी से जाते वक्त ब्रेकर से जैसे ही गुजरी वह स्कूटी के साथ ही स्लिप हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब से यह ब्रेकर बना है तब से छुटपुट घटनाएं तो आए दिन हो रही हैं लेकिन कभी भी यहां जानलेवा हादसा होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। चार पहिया वाहनो को यहां से निकालने में काफी परेशानियां होती हैं।

## बड़वारा व स्लीमनाबाद में शुरू होगी भारत निर्माण कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए शहर मे भारत निर्माण कोचिंग शुरू करने के प्रणेता और सूत्रधार कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर अब बड़वारा और स्लीमनाबाद क्षेत्र के युवाओं के सपनों को पंख देने और भविष्य को संवारने हेतु अब जिला प्रशासन, अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बिरला व्हाइट कंपनी और महाकौशल रिफ्रेक्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से अब बड़वारा में 1 जुलाई और स्लीमनाबाद मे 16 जुलाई से भारत निर्माण कोचिंग की जिले की दो और शाखाएं खुलने जा रही है। इन्हे मिलाकर जिले में अब भारत निर्माण कोचिंग की चार शाखाएं हो जाएगीं।

बड़वारा एवं स्लीमनाबाद क्षेत्र के युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराकर अपनी प्रतिभा का परचम फहराने की दक्षता प्रदान करने के उद्देश्य से बड़वारा मे जहां अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बिरल व्हाईट कंपनी ने निःशुल्क भारत निर्माण कोचिंग शुरू करने मे रूचि दिखाई थी। वहीं स्लीमनाबाद में महाकौशल रिफेक्ट्रीज प्रबंधन ने भी निःशुल्क भारत निर्माण कोचिंग प्रारंभ करने मे मंशा जाहिर की थी।

भारत निर्माण कोचिंग में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अलावा कर्मचारी चयन आयोग, रेल्वे, बैंकिंग, इंस्पेक्टर आदि एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। भारत निर्माण कोचिंग संस्थान में कलेक्टर अवि प्रसाद ने समय-समय पर पहुंचकर छात्रों और युवाओं का मार्गदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने यहां के छात्रों से जीवन्त संवाद कर कोचिंग हेतु आवश्यक पुस्तकें भी मुहैया कराई है।

बड़वारा में संचालित होने वाली भारत निर्माण कोचिंग में प्रवेश पंजीयन हेतु 18 जून से 27 जून तक प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में रजिस्ट्रेशन फार्म जमा किये जा सकेंगे। वही स्लीमनाबाद में संचालित होने वाली भारत निर्माण निःशुल्क कोचिंग चौप्टर स्लीमनाबाद में प्रवेश पंजीयन हेतु 25 जून से शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त किये जा सकेंगे।

## ईदगाहों में अदा की गई नमाज



सोमवार को जिले भर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया गया। इस दौरान शहर व उपनगरीय क्षेत्रों सहित तहसील अंचलों पर स्थित मस्जिदों व ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा किया। शहर में मिशन चौक स्थित नगीना मस्जिद, आदर्श कालोनी स्थित ईदगाह, ईश्वरी पुरा वार्ड स्थित शहर जामा मस्जिद, आजाद चौक स्थित नूरी( छोटी) मस्जिद, अल्फर्ट गंज स्थित वक्फ मस्जिद, झर्राटिकुरिया स्थित अबू जर गफ्फारी मस्जिद, बरगवां स्थित एक मिनारा( अजीमिया) व गौसिया मस्जिद, मंगलनगर मस्जिद, आयुध निर्माणी स्थित वक्फ मस्जिद, दुर्गा चौक खिरहनी मस्जिद व लमतरा स्थित हुसैनी मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ी गई। इसके अलावा जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थित मस्जिद व ईदगाह में ईद की नजाम अता कराई गई। नमाज के बाद लोगों ने आपस मे गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी।

## तीन आदतन अपराधियों को कलेक्टर ने 6 माह के लिए किया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने गंभीर आपराधिक कृत्यों में लिप्त जिले के तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर किया है। जिला दंडाधिकारी श्री प्रसाद ने दुर्गेश निषाद उम्र 24 वर्ष निवासी जगमोहन दास वार्ड कटनी के विरुद्ध वर्ष 2019 से मार्च 2024 तक कुल 7आपराधिक प्रकरण दर्ज होने और क्षेत्र में गुंडागर्दी, गाली-गलौज, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों को जातिगत रूप से अपमानित करने जैसे मामलों और दुर्गेश के आचरण में सुधार नहीं होने के कारण लोक शांति के नजरिए से जिले की सीमाओं से 6 माह के लिए निष्कासित किया है। इसी प्रकार राजेश यादव उम्र 26वर्ष निवासी पटना थाना बाकल के विरुद्ध बाकल थाना में आबकारी एक्ट के 6 प्रकरण दर्ज है। इसलिए राजेश को भी 6 माह के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया है। कलेक्टर ने अतुल उर्फ विकास वंशकार उम्र 20 वर्ष निवासी झर्रा टिकुरिया फारेस्टर वार्ड थाना रंगनाथ नगर के विरुद्ध वर्ष 2021 से वर्ष 2023 तक 4 मामले पंजीबद्ध हुए हैं। इन तीनों अपराधियों के आचरण में सुधार नहीं होने और क्षेत्र की शांति भंग होने की संभावना के मद्देनजर इन्हें कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया है। जिला दण्डाधिकारी ने तीनों अपराधियों क्रमशः दुर्गेश निषाद, राजेश यादव और अतुल उर्फ विकास वंशकार के आपराधिक कृत्यों को हुये इन तीनों व्यक्तियों को कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया है।

**आलू, प्याज, टमाटर सहित अन्य सब्जियों के दाम में इजाफा**

## मंहगाई पर हुआ भीषण गर्मी का असर, सब्जियों के दाम हुए दोगुने, बिगड़ा स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गर्मी का असर सब्जी की पैदावार पर भी नजर आ रहा है। सब्जी की आवक कम होने से साप्ताहिक बाजार में सब्जियों के दाम में तेजी आ गई है। धनिया जहां 200 रुपए किलो पर पहुंच गया हैं। वहीं हरी मिर्च 100 किलो पर है। इसके अलावा टमाटर भी तेजी से सुर्ख हो रहा है। टमाटर के दाम 40 से 50 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गए हैं। वहीं अन्य सब्जियों के दाम भी 50 प्रति किलो से ऊपर बताए जाते है। आलू और प्याज में तेजी बरकरार, सब्जियों का राजा आलू और सभी सब्जियों में इस्तेमाल होने वाली प्याज दोनों के दाम में लगातार तेजी बनी हुई है। इस सप्ताह बाजार में आलू और प्याज 40 रुपए प्रति किलो बिका। जबकि पिछले सप्ताह इसके दाम 30 रुपए प्रति किलो के आसपास थे। आलू और प्याज की शार्टेज होने की वजह से आने वाले दिनों में दाम और तेजी से बढ़ सकते हैं। आलू, प्याज में आई महंगाई का असर आम लोगों पर भी पड़ता नजर आ रहा है। थोक विक्रेताओं की माने तो इस समय आलू और प्याज दोनों ही बाहर से आ रहे है। प्याज की शार्टेज बनी हुई है। इस वजह से दाम भी बढ़ गए हैं।

महीने भर पहले तक 10 से 15 रुपए किलो में बिकने वाले प्याज की कीमत बढ़कर 40 से 45 रुपए किलो पहुंच गया है। जिले में फिलहाल महाराष्ट्र से प्याज की आवक हो रही है। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र के सभी मंडियों में प्याज की जबरदस्त मांग है। इससे प्याज की कीमत मंडियों में ही बढ़ गई है। लिहाजा लोकल व्यापारियों को महाराष्ट्र की मंडियों से ही महंगी कीमत पर प्याज लाना पड़ रहा है। जिससे प्याज 40 से 45 रुपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है।

### 271 करोड़ के प्रोजेक्ट में और भी तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

## सवा दो लाख की आबादी को मिलेगा घर पर नल से जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने पवई द्वितीय ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीपस्थ पन्ना जिले के केन नदी पर बने पवई जलाशय तेंदूघाट डैम से कटनी जिले के 159 गांवों के 41 हजार 283 परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति की जाएगी।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से करीब 271 करोड़ रूपए की लागत से बन रही पवई ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की विस्तृत जानकारी ली। इस जल प्रदाय योजना से कटनी जिले के रीठी विकासखंड के 109ग्रामों और मुडवारा के 50 गांवों में नल से जस की आपूर्ति होगी। श्री प्रसाद ने जल निगम के अधिकारियों और जनरल मैनेजर शिवम सिन्हा को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि योजनान्तर्गत होने वाले सभी कार्यों की गति में तेजी लायें। ताकि तय समयावधि में सभी 159 गांवों में पानी की आपूर्ति शुरू की जा सके।

कलेक्टर ने जल निगम को निर्देशित किया कि गांवों में जलापूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछाते समय गांव में आर.सी.सी. सड़क की कटिंग जे.सी.बी मशीन से नही कराने के निर्देश दिए। श्री प्रसाद ने कहा कि जब भी सड़क की कटिंग हो रोड कटर मशीन से करवायें और उसके बाद सड़क की मरम्मत भी करवायें।

कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि पानी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के लिए कुल 362 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाना है। इसमें से अब तक 67 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाई जा चुकने की जानकारी बैठक में दी गई। इसी प्रकार पंपिंग के लिए कुल 413 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाई जाना है। इसमें से अब तक 58 किलोमीटर पंपिंग पाईप लाईन बिछाई जा चुकी है।बताया गया कि पवई ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से जिले के विकासखंड रीठी के 109 गांव और विकासखंड कटनी मुड़वारा के 50 गांवों को मिलाकर कुल 159 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इससे इन ग्रामों के 2 लाख 25 हजार 988 ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इसके लिए पाइप लाइनों का नेटवर्क बिछाया जाएगा। योजना की देख-रेख और संधारण करने हेतु कर्मचारियों की सुविधा के लिए 7 स्टाफ क्वार्टर भी बनाये जाएंगे।

बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद को बताया गया कि पवई डैम में 10 मीटर व्यास और 28 मीटर गहराई का एक इंटकवैल के निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। साथ ही 28 एम.एल.डी पानी की क्षमता का पन्ना जिले के शाहनगर के ग्राम बिसानी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का कार्य भी शुरू है। पानी की आपूर्ति करने 55 पानी की टंकियां तथा मुड़वारा तहसील के ग्राम खडौला में सम्पवैल, 6 पंप के साथ -साथ 17 किलो मीटर लंबी 33 के.व्ही. क्षमता की हाईटेंशन लाइन खींची जायेगी। अप्रैल वर्ष 2025 तक योजना का पूरा होना प्रस्तावित है।

## सीएम ने बैगा बाहुल्य ग्राम में बनी आंगनबाड़ी को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत प्रधानमंत्री जन-मन योजना में शामिल कटनी जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के प्रकृति की गोद मे बसे विशेष जनजाति बैगा बाहुल्य गांव कारोपानी में प्राकृतिक परिवेश के बीच नवनिर्मित भव्य और आकर्षक आंगनबाड़ी भवन की भव्यता और खूबियों को अपने आधिकारिक शासकीय सोशल मीडिया अकाउंट चीफ मिनिस्टर एम पी पर रिपोस्ट किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर आंगनवाड़ी भवन की भव्य और आकर्षक स्वरूप को प्रदर्शित करते जनसंपर्क एमपी के शासकीय अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो पैकेज को रिपोस्ट किया है।

बताते चलें कि बैगा बाहुल्य विशेष जनजातीय गांव कारोपानी के आंगनबाड़ी केंद्र को कलेक्टर अवि अवि प्रसाद ने स्वयं गोद लिया है और वे यहां के बच्चों से समय-समय पर मिलने भी आते रहे हैं।अब यहां के बैगा बच्चे इस भव्य आंगनवाड़ी भवन में बैठकर अपनी पसंद के नैसर्गिक और मनोरंजक वातावरण में अच्छी शिक्षा और पोषण प्राप्त करेंगे। यह आंगनवाड़ी भवन स्लोपिंग रुफ पैटर्न पर बना है। इसकी दीवारें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पत्थर से बनाई गई है। बालकनी की रेलिंग में बांस का उपयोग किया गया है। साथ ही स्थानीय जनजातीय समाज की मान्यताओं ,परंपराओं और मूल्यों और उनकी भावनाओं के अनुरूप इस आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर इसके निर्माण में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध भवन निर्माण सामग्री और संसाधनों का ही उपयोग किया गया है। इस आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की कलेक्टर सदैव सतत समीक्षा करते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सर्वत्र शांति स्थापित हो तथा आपास में भाईचारा बने रहे यही है पुराण का संदेश: पुजारी दादा

**पन्ना।** महामति की वाणी चिन्तक देती मानवता संदेश, जग में उनके अमर हो गये प्राणनाथ जी के उपदेश। श्री प्राणनाथ छत्रसाल सेवा समीति खेजड़ा मंदिर के पुजारी दादा भाई (अनु धामी) ने बताया कि बीते 18 वर्षों से खेजड़ा मंदिर के यहां स्थानीय एवं बाहर के सुन्दरसाथ आकर पुराण पढ़ते हैं और पूजन करते हैं। इस दिशा में 12 जून, 2024 से 18 जून, 2024 तक पुराण का आयोजन प्रारंभ है जिसमें सुन्दरसाथ पुराण पढ़ते हैं और पूजा करते हैं। श्री पुजारी ने कहा कि अभी तक पन्ना सहित इंदौर, छतरपुर, भोपाल, दिल्ली, गुजरात के सुन्दरसाथ पधारकर पुराण का अध्ययन कर चुके हैं। 16 जून, 2024 को विश्व हिन्दू परिषद जिला इकाई पन्ना की संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान एवं समाजसेविका श्रीमती रश्मि त्रिपाठी के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया तथा उन्होंने पुराण के दर्शन किये और सुन्दरसाथ जो उपस्थित थे पुजारी सहित उनसे भेंट की। श्री पुजारी ने बताया कि 18 जून, 2024 को मुख्य कार्यक्रम के साथ भण्डारा संपन्न होगा। समिति सदस्यों में बांके बिहारी पुजारी, अजय शर्मा, नरेश धामी, जयकुमार, अनूप शर्मा, अमर शर्मा, धर्मेंद्र, ब्रिज प्रताप शर्मा का सराहनीय मिलता रहता है। अंत में पुजारी ने बताया कि विश्व में सर्वत्र शांति स्थापित के साथ भाईचारा बना रहे यही पुराण का संदेश है।

### गुन्नौर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, चोरों के हौसले मस्त, पुलिस पस्त

**पन्ना।** गुन्नौर थाना क्षेत्र में फिर से चोरों के हौंसले बुलंद हो चले है।छीना झपटी,बैंक की डिग्गी से पैसा निकलना, वाहनों की चोरी, घरों में चोरी होने की घटनाएं होना मानो आम घटनाएं हो गई है। चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया कि थाना से चंद कदमों की दूरी में दिनदहाड़े अपना हांथ साफ कर दे रहे,और पुलिस हांथ पे हांथ रखे बैठी रह जाती है। क्षेत्र में लगातार चोरियों की घटनाएं होने के चलते आम जनमानस में अब भय दिखाई दे रहा है।

गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत कई जलस्त्रोतों का हुआ संरक्षण

# प्राचीन जलस्त्रोतों का जीर्णोद्धार कर दिया गया नया स्वरूप





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

गंगा जल सबर्धन अभीयान के तहत पुराने ऐसे जल स्त्रोत जो आज भी उपयोगी है और लोगो को उनसे काफ़ी लाभ है लेकिन देखरेख न होने के कारण वह अनुपयोगी होते जा रहे है उनका नवीनीकरण करने के लिए शासन ने गंगा जल सबर्धन योजना चलाई थी जिसमे यह अभियान पांच जून से शुरू किया गया था और पंद्रह जून को इसका समापन हुआ है। इस अभियान के तहत तेंदूखेड़ा ब्लाक ने सैकड़ो पुराने जल स्त्रोतो को नया रूप दिया गया है। जिनमे पुरानी बाबड़ी का जीर्णोद्धार करके उनको सुविधा जनक बनाया गया है। पुराने तालाब को नया रूप दिया गया है जिन जो कुए बिना मुंडेर के साथ उनमे मुंडेर बनाकर उनका गहरीकरण किया गया है। तेंदूखेड़ा ब्लाक मे इस अभियान की शुरू बात झरौली ग्राम से की गई थी जहाँ जिला सी ई ओ अर्पित वर्मा सहित सभी अधिकारियो ने श्रमदान किया था। इनको दिया गया नया स्वरूपग्राम पचायत बमनोदा इस ग्राम मे पानी की बड़ी किल्ल्त थी। जल स्त्रोत के नाम पर स्कूल के बाजु मे एक हुआ था लेकिन वह काफ़ी प्राचीन था पचायत द्वारा इस कुए मे गंगा जल संवर्धन योजना के तहत गहरीकरण का कार्य कराया गया। कुएं पर मुंडेर बनवाई गई आज भी पूरा ग्राम इसी कुआ से पानी भरता है।

ग्राम सैलवाडा मे हरदौल नामक कुआ जिसमे पानी गर्मियों के दिनों मे भी पर्याप्त रहता है। लेकिन प्राचीन होने के कारण यह कुआ क्षतिग्रस्त होने लगा था। पंचायत द्वारा गंगा जल संर्धन योजना के तहत इनका जिउद्धार कराया गया कुए पर मुंडेर बनवाई गई और पुराने कूप को नया रूप दिया गया। तेंदूखेड़ा ग्राम की चदना ग्राम पचायत मे देवरी खारी ग्राम मे सैकड़ों वर्ष पूर्व की एक बाबड़ी थी यह बारह माह पानी रहता था लेकिन प्राचीन होने के कारण यह क्षतिग्रस्त हो गई थी। ग्राम पचायत के द्वारा गंगा जल संर्धन योजना के तहत जीर्णोद्धार कराया गया। बाबड़ी का रंगरोवन कराया गया और इसको नवीन आकार दिया गया। झरौली ग्राम मे पुराने तालाब का जिउद्धार किया गया है। अब इस तालाब मे बारिश के समय पर्याप्त पानी रुकेगा क्योंकि जीर्णोद्धार के दौरान इस बात का ध्यान रखा गया की बारिश के समय जगली क्षेत्र का पानी इस तालाब मे पहुंचेगा और इसी मे जिला सीई ओ सहित अभी अधिकारियो और ग्राम के लोगो ने श्रमदान किया था क्योंकि भविष्य मे इसका लाभ सभी को मिलेगा।

ग्रामीण वीरेंद्र लोधी जिन्होंने जिला सीईओ के साथ झरौली तालाब में श्रमदान किया था उन्होंने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार होने के बाद यहां पर्याप्त मात्रा में पानी रुकेगा और गर्मियों के समय में पानी का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा ।

बमनोदा निवासी किशन यादव ने बताया कि जिस कुएं का जिउद्धार ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया है उसे ग्राम के 75% लोग पानी भरते हैं अब मुंडेर और गहरीकरण के होने के बाद इसको नया आकर दिया है जिसका लाभ सभी को मिलेगा। खारी देवरी निवासी पन्नू आदिवासी ने बताया कि मेरे ग्राम में बनी बावड़ी सैकड़ो वर्ष पुरानी है इसमें 12 मा पानी रहता है बावड़ी की दी वाले छठिग्रस्त हो गई थी जिनकी ग्राम पंचायत द्वारा मरम्मत कराई गई है इसकी साफ सफाई कराई गई है और रंग रोमन कराया गया है अब बावड़ी पूरी तरह से नई हो चुकी है और इसके पानी का लाभ पहले की अपेक्षा ज्यादा ग्राम के लोगों को मिलेगा।

तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागड़ी ने बताया कि गंगा जल संवर्धन योजना पूरे जिले में दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जिला सी ई ओ अर्पित वर्मा के निर्देश पर चलाया गया था। तेंदूखेड़ा ब्लॉक की 62 ग्राम पंचायत में इस अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन दिया गया है जिनमे पुरानी बाबड़ी का जीर्णोद्धार पुराने तालाब कूप कूपन का नवीनीकरण किया गया है। तेंदूखेड़ा ब्लॉक में ऐसी सैकड़ो पर हैं जो क्षतिग्रस्त होने की कगार में थे लेकिन गंगा संवर्धन योजना के तहत इनका नवीनकरण किया गया है।

# श्रीदेव संकट मोचन हनुमान मंदिर पथरिया में चल रहा योग प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में 21 जून को दमोह जिले के विभिन्न पार्कों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, इस हेतु पथरिया के श्री देव संकट मोचन हनुमान जी मंदिर प्रांगण में मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत एवं पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा पथरिया में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के आयोजन के पूर्व योग की क्रिया शासन द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार कराई गई। श्री राजपूत के द्वारा सर्वप्रथम बड़ा योग प्रोटोकॉल के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें प्रार्थना, शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर, बैठकर, लेटकर, पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन, प्राणायाम एवं संकल्प के साथ शांति पाठ कार्यक्रम का प्रोटोकॉल बताया गया। पतंजलि के योगाचार्य पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा सर्वप्रथम ग्रीवा चालान, स्कंध संचालन, कटी संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्त आसान, चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, उक्त अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल पूर्व अभ्यास में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दमोह के पूर्व अध्यक्ष, बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गुरु, पतंजलि योग समिति जिला उपाध्यक्ष श्री गंगाराम पटेल, किसान संगठन के अध्यक्ष सुरेश रैकवार, पथरिया पतंजलि योग समिति ब्लॉक अध्यक्ष सुदेश चौरसिया, भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी जितेंद्र दुबे, पुष्पेंद्र राठौर, बाल किशन ताम्रकार, रमा शंकर पोरानिक, श्री राजीव लोचन स्थापक, रामेश्वर चौकरिया एवं आसपास के ग्राम के नागरिक, योग प्रेमी उपस्थित रहे।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत होगा उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी हेतु कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन दमोह जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में सकल पंजीयन अनुपात (जी. ई. आर.) में वृद्धि करना हैं। इस अभियान के अंतर्गत 12वीं पास किए हुए छात्रों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिले के समस्त महाविद्यालय में किया जायेगा। इस उन्मुखीकरण कार्यकाम में 12वीं उत्तीर्ण छात्र सम्मिलित होंगे। इस सबंध में प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार ने बताया यह कार्यक्रम आज 18 जून 2024 को शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में अवधेश कुमार जैन के प्रभार में एमएलबी विद्यालय में प्रातः11: 30 पर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 19 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय हटा में आशा राठौर, 20 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय पथरिया में डॉ. जगदीश प्रसाद अहिरवार, 21 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय जबेरा में डॉ.दीपेंद्र यादव, 24 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में मेघा वर्मा, 25 जून 2024 को शासकीय महाविद्यालय बटियागढ़ में राजाराम रावत, 26 जून 2024 को शासकीय आदर्श महाविद्यालय बरपटी दमोह में डॉ. के. के. दुबे तथा 27 जून 2024 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में डॉ. इंदिरा जैन के प्रभार में कॉलेज चलो अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों ने जीते ब्रॉन्ज मेडल

**पन्ना।** 25 वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता 2024 सतना में दिनांक 14 से 16 जून 2024 तक आयोजित कि गई प्रतियोगिता में जिला वुश संघ पन्ना एवं फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना से पीयूष विश्वकर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, दिव्यांश साहू एवं अदिति गुप्ता ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में जिला वुशू संघ पन्ना के 3 खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिख कर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जिला वुशू संघ पन्ना के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी इरफान खान ने बताया कि 25 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन सतना में किया गया जिस में प्रदेश के 40 जिले से 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया साथ ही पन्ना जिला वुशू संघ पन्ना के इन



खिलाड़ियों का रहा मेडल पर कब्जा 52 किग्रा. वर्ग में अनिकेत श्रीवास्तव, 56 किग्रा. वर्ग में पीयूष विश्वकर्मा एवं 60 किग्रा वर्ग में अदिति गुप्ता ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर पन्ना जिले का नाम किया रौशन। मध्य प्रदेश वुशू संघ कि प्रदेश सचिव सारिका गुप्ता ने इरफान खान एवं हर्षिता विश्वकर्मा को पुरूस्कृत किया। महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्न, मनोज गुप्ता संरक्षक फिटनिस ट्रनिंग एकेडमी पन्ना पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रनिंग एकेडमी पन्ना, लॉरेंस एट्रेस अध्यक्ष जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, सैफ उल्ला संचालक पन्ना हैल्थ क्लब, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा सदस्य, बलराम सेन सदस्य, राकेश साहू, सदस्य ने खिलाड़ियों का स्वागत कर सभी खिलाडियों व टीम कोच हर्षिता विश्वकर्मा को बधाई दी।

# सादगी के साथ मनाया गया ईदुल अजहा पर्व

### ईदगाह में हुई सामूहिक नवाज अता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में सोमवार को मुस्लिम समाज द्वारा ईद उल अजहा का पर्व बहुत ही सादगी के साथ मनाया गया। जामा मस्जिद हटा के पेशे इमाम इमरान रजा साहिब द्वारा निर्धारित समय 7:30 बजे शास्त्री वार्ड सुनार नदी के किनारे स्थित ईदगाह मस्जिद में हजारों की तादाद में उपस्थित मुस्लिम भाइयों को ईद उल अजहा की विशेष नमाज पढ़ाई गई और इमाम हुसैन को याद कर इबादत की गई। वही इस अवसर पर शहर सूबे और हिंदुस्तान के साथ पूरी दुनिया में अमन शांति की विशेष दुआ मांगी। नवाज के बाद कुर्बानियों का दौर शुरू हुआ। जिन समाजजन के यहां किसी कारण बस कुर्बानी नहीं हो सकी उनके यहां अन्य लोगों द्वारा कुर्बानी के तबर्रुक का वितरण किया गया। और मुस्लिम भाइयों द्वारा अपने अपने रिश्तेदारों समाज जनों को दावत दी गई।

### रब को खुश करने का दिन है ईद उल अजहा - मु. यासीन

ईद की नमाज के उपरांत ईदगाह मस्जिद के सदर मोहम्मद याशीन खान ने हजरत इब्राहीम द्वारा पुत्र हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने का किस्सा बताया कि हजरत इब्राहिमका जन्म ईशा से कोई 2000 बरसे पूर्व ईराक के ऊर नामक शहर में हुआ था।ऊर अब अबीब के नाम से जाना जाता है उसे वक्त उनकी परवरिश उनके चाचा द्वारा की गई। इस दौरान ईरान में नमरूद की बादशाहत थी। नमरूद स्वयं को खुदा मानता था। हजरत इब्राहिम ने नमरूद के बुतों को तोड़कर उसे उसे खुदा मानने से इनकार किया, बादशाह नमरूद ने हजरत इब्राहिम को अपने सामने पेश करवाया। हजरत इब्राहीम द्वारा नमरूद को खुदा मानने से इनकार करने पर नमरुद ने उन्हें जलती हुई आग में फिकवा दिया। खुदा की करम से आग उन्हें जला न सकीं, खुदाई के रास्ते में जब जब भी उसके इबादत करने वाले बड़े हैं खुदा ने उन्हें कदम कदम पर परखा है। हजरत इब्राहिम साहब को खुदा ने ख्वाब में आदेश दिया कि अपनी सबसे प्यारी चीज मुझ पर कुर्बान करो। हजरत अपने पुत्र इस्माइल से बहुत प्यार करते थे उन्होंने अपने बेटे से कहा कि मैंने अपने ख्वाब में देखा है कि मैं तुम्हें खुद की राह में कुर्बान कर रहा हूं तब स्मॉल का जवाब था कि आप अल्लाह के हुक्म का पालन करें अल्लाह ने चाहा तो आप मुझे फरमाबरदार पाएंगे। हजरत इब्राहिम ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर अपने पुत्र के गले पर छुरी चलाई लेकिन अल्लाह की मेहरबानी से छुरी की धार के नीचे जन्नत से भेजो एक दुम्बा आ गया जो इस्माइल की जगह पर कुर्बान हुआ। जब हजरत इब्राहिम ने आंखों से पट्टी हटाई तो देखा कि स्माइल खड़े मुस्कुरा रहे हैं। उनकी जगह पर एक दुम्बा जबिह किया हुआ पड़ा है फरिश्ते जिब्राईल ने उन्हें बताया कि उनकी कुर्बानी कबूल कर ली गई है।

# गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

सोमवार को दुनियाभर में ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां सोमवार की सुबह तेन्दूखेड़ा नगर में भी ईद का पर्व मनाया गया जहां ईद की नमाज मस्जिद में पढ़ाई जमा मस्जिद तेंदूखेड़ा में ईद उल अजहा बकरीद की नमाज अदा कराई गई सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जिसमें जामा मस्जिद के के इमाम हांजी खालिद राजा साहब ने नमाज पढ़ाई अमन और सुकून देश की तरक्की की दुआ मांगी जामा मस्जिद अध्यक्ष अब्दुल समी खान उपाध्यक्ष अजीज खान सलीम खान अजीम शाह इदरीश खान सोनू खान रईस खान मुस्ताक शाह शोएब नवाब शाह खलील खान शाहिद अली सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी इस दौरान तहसीलदार सोनम पांडे थाना प्रभारी फेमिदा खान उपनिरीक्षक रंजीत अहिरवार सहित पुलिस प्रशासन मौजूद था।

# कुर्बानी देकर मनाई बकरीद

**गैसाबाद।** इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक बकरीद का पर्व खास माना जाता है। बकरीद का मुख्य मकसद अल्लाह के प्रति पूर्ण समर्पण और स्मरण करना है। हजरत इब्राहिम ने खुदा के लिए अपने बच्चे को कुर्बान करने का फैसला लिया था। उनकी इबादत को देखकर खुदा ने उनको अपने बेटे की जगह एक जानवर की कुर्बानी देने के लिए कहा। खुदा के इस आदेश का अमल कर हजरत इब्राहिम ने बेटे की कुर्बानी ना देकर अपने चहेते मेंमने की कुर्बानी दी थी। इसलिए बकरीद पर कुर्बानी दी जाती है। इसी परंपरा अनुसार आज बकरीद पर समाज के सदर मगन शा, यासीन खान जाकिर शा बहाफ खान गिल्लन खान आदि घरों में बकरा की कुर्बानी दी गई। इसे संयोग कहे या कुदरत का करिश्मा कि जिस बकरा की कुर्बानी यासीन खान के घर पर दी गई। वह बकरा सफेद एवं काले रंग का था जिसकी पीठ पर उर्दू में मोहम्मद लिखा हुआ दिखाई दे रहा था। जिसकी पुष्टि हाफिज साहब ने भी की। इस बात को लेकर लोगों में आपस में चर्चा भी होती रही,बकरीद पर्व पर ईदगाह मस्जिद में सामूहिक नवाज अदा की गई। जिसमें मुस्लिम समाज के सदर मगन शा, इदरीश खान, माजिद खान, मज्जू ड्राइवर रहीस खान, सरफराज खान, मकबूल खान, वसीम खान, मुन्ना खान, अनवर अली, एजाज खान सहित सभी मुस्लिम भाइयों की उपस्थिति रही।

# उर्स कमेटी अध्यक्ष ने की धन्यवाद बैठक

**हिण्डोरिया।** हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्लाह अलैह के 82 वां उर्स मुबारिक संचालन कमेटी के अध्यक्ष दीपक खटीक व्दारा एक आभार प्रदर्शन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे उर्स कमेटी कोषाध्यक्ष हुसैन सेठ, साकिर मसीहा व्दारा विधिवत आय-व्यय का व्यौरा पेश किया गया। इस मौके पर शहजाद कुरैशी, शेख शखावत ने कहा कि इस वर्ष वास्तव मे बहुत कम समय मे इतना बडा.आयोजन करना चुनौती भरा काम था। मगर बाबा के करम ने काम को आसान बना दिया। बैठक के पश्चात अध्यक्ष के व्दारा शानदार दावत का आयोजन भी कमेटी के सक्रिय पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सम्मान मे किया गया। बैठक मे तैय्युब अली, हबीब राजा चौहान, शानु खान, शेख असीम खान, आशिक खान, एड- संजय साहू, रहीम मुकददम, साजिद उस्ताद, बकील कंडेक्टर, डॉ सलीम कुरैशी, डा. अकबर खान, गुलाम बादशाह, रफीक मासाब, सलीम मासाब, मुबारिक राजा, सुजात खान सहित कमेटी के सभी मेम्बर्स मौजूद रहे।



# ईदगाह में अदा की गई विशेष नमाज

बनवार।

ईद उल अजहा (बकरा ईद) का त्योहार आपसी सद्भाव से मनाया गया। ईद के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने शहर की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने देश में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी। बनवार ईदगाह में मौलाना हसन रजा के द्वारा नमाज अदा करने के बाद जानवर की कुर्बानी दी गई। बनवार ईदगाह में मुबार झारौली हरदुआ घाट बम्होरी के मुस्लिम भाइयों ने आकर ईद की नमाज अदा की इसी तरह घटेरा ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री आज स्कूल चले अभियान कार्यक्रम में होंगे शामिल

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आज 18 जून को दोपहर 12 बजे सी.एम. राइज स्कूल दमोह में स्कूल चले अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात राज्य मंत्री श्री पटेल दोपहर 1.30 बजे दमोह से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दिव्यांगजनों के लिए विशेष जनसुनवाई आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज मंगलवार को जनसुनवाई है, जनसुनवाई में आमजनों की बाकी व्यवस्थाएं यथावत रहेगी, लोग सामान्य जनसुनवाई में तो आएंगे ही साथ में दिव्यांग जनों के लिए विशेष जनसुनवाई रखी गई है, यह थीम बेस्ड जनसुनवाई है। कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के समस्त दिव्यांगजनों से आग्रह करते हुए कहा कि यदि आपकी पेंडिंग समस्याएं है तो उनके निराकरण के लिए आज सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच अवश्य आए, इसके लिए अलग कमरा बनाया है, जिसमें पूरी टीम रहेगी। रजिस्ट्रेशन के बाद लोग उस कमरे में जाएंगे, उस कमरे में दिव्यांगजनों से संबंधित जो अधिकारी है, वह वहां बैठे रहेंगे। वे दिव्यांगजनों की समस्याओं का निदान करेंगे। समस्त दिव्यांगजन कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के लिए आमंत्रित है, यदि कोई समस्या है तो अवश्य आए।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद उल अज़हा

# परस्पर गले लगकर दी ईद की मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



देश और दुनियाँ के साथ दमोह में भी ईद उल अज़हा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद की नमाज़ फुटेरा तालाब के पास शहर की ईदगाह मस्ज़िद में हाफ़ज़ि मुनव्वर रज़ा साहब ने पढ़ाई । नमाज़ से पहले तक़रीर की और ईदुल अज़हा के बारे में विस्तार से बयान किया साथ ही इमाम साहब ने कहा कि ईद इस तरह से मनाऐ के किसी दूसरे को तकलीफ ना हो । बयान के बाद इमाम साहब ने नमाज़ पढ़ाई नमाज़ के बाद खुतबा पढ़ा और मुल्क में अमन चैन की दुआएं माँगी गई सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर ईदगाह कमेटी अध्यक्ष आज़म खान ने जिला प्रशासन पुलिस और नगरपालिका प्रशासन का बेहतर इंतज़ाम और सुरक्षा विवस्थाओं के लिए प्रशासन का आभार माना वहीं सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज़ के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद दी ईदगाह परिसर में सुरक्षा विवस्थाओं की कमान खुद सिटी कोतवाल आनन्द सिंह ने संभाली वहीं जिला प्रशासन से एसडीएम सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे । ईद उल अज़हा के मौके पर जहां ईदगाह परिसर में हजारों मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की तो वहीं शहर की कई मस्जिदों में भी नमाज का एहतमाम किया गया था ताकि दूर दराज रहने वाले मुस्लिम भाई ईद की नमाज से वंचित न रहे इसके लिए मस्जिदों में भी खास इंतजाम किए गए थे।

#### कब्रस्तान पहुँचकर मरहूम के हक में दुआएं माँगी

ईद की नमाज के बाद सभी मुस्लिम भाई मस्जिदों से और ईदगाह से निकलकर शहर की कब्रिस्तान पहुंचे जो इस दुनियाँ से रुख़सत हो गए परिजनों के हक में दुआएं मांगी । स्थानीय पुरैना तालाब के पास शोभा नगर की कब्रिस्तान में काफी भीड़ देखी गई तो वहीं सिंहपुर कब्रिस्तान में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपने परिजनों के हक में दुआएं मांगी।

## ईदुज्जुहा पर्व आपसी सदभाव पूर्ण माहौल मे संपन्न



**हिण्डोरिया।** हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम रजि.व हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम रजि.की अजीमुश्शान कुर्बानी की याद में पूरे विश्व मे मुस्लिम भाइयों द्वारा हर वर्ष मनाया जाने वाला ईदुज्जुहा पर्व हिण्डोरिया नगर में आपसी सद्भाव एवं वर्षों पुरानी परंपरा अनुसार बनाया गया । इस मौके पर सबसे पहले नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मुस्लिम भाई स्थानीय ईदगाह मस्जिद में बडी. संख्या मे सोमवार की सुबह एकत्रित हुए। जहां पर सुबह 7:30 बजे जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज व कारी जनाब आसिफ बरकती खान साहब यूपी द्वारा ईदुज्जुहा पर्व की विशेष नमाज खुत्वा के साथ अदा कराई गई । एवं नमाज के पश्चात तमाम आलम के इंसानों एवं मुस्लिमों के हक में उनकी की कामयाबी ,खुशहाली, तरक्की, सेहतयाबी, अमन ,शांति की सामूहिक दुआ आमीन की बा आबाज बुलन्द सदा के साथ मांगी गई। इसके बाद मस्जिद परिसर में पहले से मौजूद नगर परिषद अध्यक्ष ठा.हेमेंद्र सिंह मुन्ना भैया, रामेश्वर ठेकेदार, मुन्ना ठाकुर, दुर्गा प्रसाद चौरसिया मासाब, जगदीश सिंह, नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी,टी आई अमित गौतम, पटवारी संदीप यादव सहित अनेक हिंदू भाइयों ने इस मौके पर मुस्लिम भाइयों को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद पेश की। एवं अपनी वर्षों पुरानी गंगा जमुनी एवं अनेकता मे एकता भारत की विशेषता वाली तहजीब एवं सदियों पुरानी इस धरोहर की रक्षा करते हुये इसमे वृध्दि की। इसके बाद तमाम मुस्लिम भाइयों ने गमजदा परिवारों में पहुंचकर मरहूमों के परिजनों को ढाढस बनाया। एवं उन्हें गले लगाकर ईद की खुशी में शामिल किया। इसके बाद कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूम परिजनों एवं बुजुर्गों को याद कर वहां फातेहा पड़ी। इसके अलावा नगर के साहवे हैसियत मुस्लिम भाइयों के घरों में बकरे की कुर्बानियां भी दी गई। नगर मे कुर्बानियों, तबर्रुक वितरण एवं दावतों का ये सिलसिला लगभग दो-तीन दिन तक चलता रहेगा । जामा मस्जिद सदर जनाब हाजी नबाब खान ने त्योहार की कामयाबी पर सभी का शुक्रिया अदा किया है। ईद-उल-जुहा पर्व में हिंडोरिया पुलिस एवं नगर परिषद की भूमिका सराहनीय रही।

# स्कूल चले हम अभियान आज से होगा प्रारंभ

### लिंक पर जाकर स्कूल का चयन करें और उन स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को मोटिवेट करने का काम करें- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया स्कूल 'चले हम अभियान' आज से प्रारंभ हो रहा है जिसके तीन भाग है, आज 18 जून को पहले दिन प्रवेश उत्सव है, जिसमें मंत्रीगण, विधायकगण, सांसदगण, जनप्रतिनिधिगण द्वारा विद्यार्थियों का स्कूल में प्रवेश कराया जाएगा, उनको निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की जाएगी और उन्हें संबोधित किया जाएगा। दूसरे दिन 19 जून को अभिभावकों के साथ चर्चा की जाएगी, उन्हें पूरा टीचिंग प्लान बताया जाएगा, स्कूल में विद्यार्थियों की कैसे और क्या-क्या पढ़ाई होगी, सब बताया जाएगा और तीसरे दिन 20 जून को 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिले के कलाकार, खिलाड़ी, समाज सेवी सभी तरह के लोग स्कूलों में जाकर के एक दिन विद्यार्थियों के नाम कर सकते हैं, इसके लिए लिंक सोशल मीडिया पर शेयर की गई है। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी से आग्रह करते हुए कहा लिंक पर जाकर स्कूल का चयन करें और उन स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को मोटिवेट करने का काम करें। जो स्कूलों के पूर्व छात्र-छात्राएं रहे हैं, वह भी अपने पुराने स्कूल में जाकर यादें ताजा करें, विद्यार्थियों के साथ बात करें और यदि उन विद्यार्थियों को कुछ सामग्री भेंट करना चाहते हैं,तो विद्यार्थियों के लिए, स्कूल के लिए उपहार और सामग्री भी भेंट कर सकते हैं। यदि धनराशि भेंट करना चाहते है, तो चेक के माध्यम से भेंट कर सकते हैं, कैश धनराशि बिल्कुल ना दें और कोई अन्य सामग्री जो स्कूल के लिए उपयोगी है, भेंट कर सकते हैं, स्कूल में वृक्षारोपण कर सकते हैं। उन्होंने कहा एक काम और आप कर सकते हैं जो समाज सेवी संस्थाएं हैं, व्यक्ति हैं यदि मान लीजिए आपके आसपास ऐसे बच्चे दिखाई देते हैं कक्षा पहली से 12वीं तक के, जो बच्चे पन्नी बीनने का काम करते हैं, भिक्षावृत्ति का काम करते हैं, जो होटल, अन्य स्थानों या घरों में काम करते हैं और वे बच्चे जो स्कूल नहीं जा रहे हैं, कृपया उन बच्चों का प्रवेश स्कूल में करने में यदि आप मदद करेंगे तो यह बहुत बड़ी मदद होगी। कलेक्टर श्री कोचर ने आग्रह किया है कि 'स्कूल चले हम' और 'कॉलेज चले हम' अभियान में आवश्यक रूप से जुड़िए। इसके शेड्यूल और पूरी जानकारी सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर की गई है, कृपया उसको लगातार फॉलो करते रहें और इन कार्यक्रमों में भाग लें।

## अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा...



**दमोह।** दमोह पथरिया मार्ग पर बेलखेड़ी के पास ट्रक का टायर फटने से अनियंत्रित हुआ ट्रक पलट गया। ट्रक में लदी सीमेंट की बोरिया जमी पर गिर गई ।

# केन्द्रीय विद्यालय व अन्य सुविधाओं को मोहताज पथरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विधानसभा क्षेत्र को बनें 62 वर्ष से अधिक समय हो गया लेकिन आज भी अभी तक के जनप्रतिनिधियों द्वारा में कभी क्षेत्र हित में ध्यान नही कि विकास में गति आए हर कोई चाहता है कि हमारे क्षेत्र में भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो व आमजन को सुलभ साधन चुनाव में तो सभी मुद्दों पर बात होती है पर जिसके सिर ताज मिल जाए उसके बाद सब भूल जाते हैं चार विधानसभा क्षेत्र है जिसमें 3 विधानसभा क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय के साथ तकनीकी शिक्षा के लिए आईटीआई प्रशिक्षण केन्द्र है दमोह में केन्द्रीय विद्यालय,हटा में नवोदय व केन्द्रीय विद्यालय पिछले वर्ष जबेरा विधानसभा में भी घोषणा हो गई पर पथरिया विधानसभा क्षेत्र अकेला ऐसा क्षेत्र है जहां ना तो केन्द्रीय विद्यालय,ना तकनीकी शिक्षा के लिए आईटीआई प्रशिक्षण केन्द्र है एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव बनाया गया पर जिस विधानसभा क्षेत्र को बनें 62 वर्ष से ज्यादा समय हो गया वहां आज में आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज है ।


शिक्षा, तकनीकी शिक्षा का प्रचार प्रसार तो बहुत होता है पर कभी भी जनप्रतिनिधियों द्वारा इस पर ध्यान नही दिया गया कि क्षेत्र में सबसे प्रमुख समस्या जो है उस पर ध्यान देना चाहिए मूलभूत सुविधाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क,पानी है पर आम जनता को कितनी परेशानियां का सामना करना पड़ता है यह आम जनता से भी कभी पूछना चाहिए कि आखिर क्या क्या समस्या है और कितना सुधार हुआ।

# कोई भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहेः कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज 18 जून से स्कूल चले हम अभियान प्रारंभ हो रहा है और कॉलेज चले अभियान भी हम प्रारंभ करने जा रहे हैं। कॉलेज में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के एडमिशन हो और वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें, कोई भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए कॉलेज चले हम अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 18 जून से लेकर के इस महीने के अंत तक लगातार कॉलेज में ओरियंटेशन सेशन प्रारंभ किया जा रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी विद्यार्थियों और उनके पालको से आग्रह करते हुए कहा जो विद्यार्थी कक्षा 12 वीं पास कर चुके हैं, वे दमोह जिले में ही आगे उच्च अध्ययन करना चाहते हैं, वे कॉलेज के ओरिएंटेशन प्रोग्राम को जरूर अटेंड करें। उन्होंने कहा इसकी पूरी डिटेल सोशल मीडिया हैंडल पर डाली गई है, उसे नोट कर ले और अलग-अलग क्षेत्रवाइज विद्यार्थी जरूर जाएं, कॉलेज की जो सुविधा है उन्हें देखें, कोर्सेज को देखें, कॉलेज में एडमिशन लें। आपको किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत आने नहीं दी जाएगी।

# साधना के लिए कई प्रकार के साधन हुआ करते हैं : आचार्यश्री समय सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डलपुर



सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा साधना के लिए कई प्रकार के साधन हुआ करते हैं जिनके माध्यम से आत्मा का विकास होता है। कभी-कभी नौकर्मो से बचने के लिए भी उपदेश देते हैं। नौकर्मो से बचने का भाव भी नहीं होना चाहिए क्योंकि जो बचता है वह साधक कमजोर माना जाता है किसी भी परिस्थिति में तटस्थ भाव के साथ वस्तु का स्वभाव जो दिख रहा है उसका प्रतिकार नहीं करना चाहिए। जो साधक प्रौण होता है वह किसी प्रकार से प्रतिकूलताओं से बचता नहीं बल्कि तटस्थ भाव के साथ रहता है। उस भाव में वह निर्णय करता चला जाता है प्रतिकार का भाव क्यों ?प्रतिकार का भाव जब आता है। उस समय धर्म ध्यान नहीं कर पाता प्रतिकार और ग्रहण यह दोनों प्रकार के भाव होते हैं। धर्म ध्यान में संभव नहीं है इस प्रकार बड़े-बड़े जो साधक होते हैं। किसी प्रकार से मन से वचन से काय से प्रतिकार नहीं करते ।प्रतिकार यदि करना है तो नौकर्म का प्रतिकार मत करो। क्योंकि नौकर्म के माध्यम से कर्म अपना फल देता है। नौकर्म को कब तक हटाते रहोगे आप इसी में पूरा समय निकल जाएगा। । मान लो स्वाध्याय करने के लिए बैठे हैं श्रमण और एक दो व्यक्ति आकर के सामने ही बैठ गए डिस्टर्ब हो रहा है। उनको हटाओ उनको हटाते हैं वह चले जाते हैं तो दूसरे चार और आते हैं उनको हटाओ इसके अपेक्षा से स्वयं हटकर के मान लो अन्यत्र पहुंच गए वहां पर आकर के बैठ जाते हैं। सुगंधी फैलती रहती है तो भ्रमर वही आएंगे कहां-कहां प्रतिकार करोगे। क्षेत्र से क्षेत्रांतर होने के उपरांत भी सामने जो व्यक्ति है वह भी कुछ चाहता है वह आएगा। वह आपके लिए बाधक सिद्ध हो सकता है नहीं भी हो सकता है इसलिए अपने को तटस्थ भाव के साथ क्योंकि बहुत अल्प समय बचा है और प्रत्येक व्यक्ति के प्रतिकार प्रतिकार करने लग जाते हैं उससे होना कुछ भी नहीं है। गुरुदेव का ये कहना है चार दीवार के बीच में बैठे हो फिर भी प्रतिकार करना चाहते हो। मान लो कोई श्रमण महाश्रमण है और वह अन्यत्र पहुंच जाए वहां पर भयानक वन में पहुंच जाए और गुफा में पहुंच जाए प्रश्न खड़ा होता है। गुफा के अंदर क्यों वहां पर भी सुरक्षा का प्रावधान है। शरीर की रक्षा आत्मा की रक्षा करो शरीर की क्या रक्षा करना चाहे चार दीवार के बीच रहो। पूरा का पूरा एयर टाइट करके रहो फिर भी परिणमन रुकने वाला नहीं है। समझने के लिए बे मौसम के फल फ्रिज आदि में रखते ताकि वे फल सुरक्षित रहें ध्यान रखो कहीं भी रखो काल वहां भी विद्यमान है। उसके द्वारा परिणमन वह रुकने वाला नहीं है। इसलिए हम प्रतिकार करें चाहे ना करें हमारा अंतरंग जो कर्म का उदय आने वाला है वह फल दे रहा है। उस का क्षय करने के लिए इसलिए साधना बताई गई है। ।नौकर्म से बचने बार-बार प्रयास करता कमजोर साधक ऐसा करता ये मुझे दुख दे रहा है। मुझे पीड़ा पहुंचा रहा है। यह मेरा शत्रु है यह मेरा मित्र है। यह सहयोगी है यह साधक है। यह मेरे लिए बाधक है। इस प्रकार का जो भाव है इस प्रकार के भाव से कभी भी धर्म ध्यान होने वाला नहीं। चाहे आज विचार कर लो चाहे चार दिन बाद कर लो चार साल बाद कर लो चार भव के बाद कर लो कुछ भी कर लो रास्ता तो यही है इसलिए प्रतिकार का भाव हमें नहीं करना।

# पंचायतों में राशि नही मिलने से सामुदायिक भवन निर्माण अधूरे

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में पिछले पंचवर्षीय में स्टांप ड्यूटी व अन्य मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शासन द्वारा राशि नही दिए जाने के कारण अधूरे पड़े जर्जर हालत में हो रहें हैं लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। पिछले सरपंच के कार्यकाल खत्म हो गयें। नवनिर्वाचित सरपंच के कार्यकाल को एक वर्ष होने वाला है पर अभी तक पिछले सामुदायिक भवन निर्माण पूर्ण नही हो पा रहे हैं। किसी किसी पंचायत में 3 लाख की पहली किस्त तो किसी को 6 लाख रुपए की राशि मिली जबकि सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख व 2 लाख बाउंड्री वॉल के लिए मिलना थे समय पर राशि नही मिलने से सामग्री के दामों में वृद्धि हो जाती है। जिससे फिर वह उक्त राशि में बन पाना कहां तक संभव है। ग्राम पंचायत असलाना में सामुदायिक भवन की पहली किस्त मिली उसके बाद शासन द्वारा राशि नही दी गई जिससे दीवार अकेली बनकर वर्षों से अधूरी पड़ी। हर निर्माण कार्य की राशि अगर समय से दी जाए तो काम भी समय पर हो और निर्माण एजेंसी को परेशानी भी नही होगी।

# जैन मंदिर में चल रही संस्कारों की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



बच्चे उस गीली मिट्टी के समान होते है जिन्हे जिस आकार में ढाल दो वही रूप धारण कर लेते, शिशुओं को धर्म और संस्कारों की शिक्षा सदैव बालकाल्य में ही देना चाहिए ताकि बाद में उसके सुखद परिणाम परिवार, समाज एवं आमजन को मिल सकें यह बात सांगानेर राजस्थान से आई बाल विदुषी मयूरी दीदी और विभा दीदी ने श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में चल रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में कही, दीदी द्वय के द्वारा मंदिर जी में रत्नकरण्डक , श्रावकाचार, इष्टोपदेष , छहढाला भाग एक एवं भाग दो का अध्ययन कराया जा रहा है। गुरू उपकार महोत्सव के अवसर पर मुनि पुंगव निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सनिध्य में संचालित श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय शिविर का शुभारंभ मंगलाचरण, कलश स्थापना एवं ध्वजारोहण से हुआ, शिविर में छोटे छोटे बच्चों के साथ सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे है। सांगानेर से पधारी दोनों दीदीओं का सम्मान भारतीय जैन मिलन के द्वारा किया गया, शिविर में विविध प्रतियोगिताएं परीक्षाएं भी चल रही है, अव्वल रहे शिशु भक्तों को जैन महिला मिलन के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के अध्यक्ष आदित्य सिंघई, महिला मिलन अध्यक्ष शोभना जैन, मनोरमा जैन, सिन्धुबाला जैन, वंदना जैन, हर्षा जैन, आराधना जैन, स्वाति जैन, आस्था जैन, संगीता जैन, मीना जैन, शालिनी जैन उपस्थित रहे, मिलन के पदाधिकारी में विनय बम्होरी, तरूण, अमित, विवेक, चक्रेश, बाहुबली, विपुल का सहयोग रहा। मंदिर कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट विवेक जैन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मनरेगा योजना अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

केद्र सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के परिवार के लोगों को 100 दिन का रोजगार मुहैया कराना ताकि ग्रामीणों को अपने ग्राम में ही रोजगार उपलब्ध हो। पर योजना का किस तरह माखौल उड़ाया जा रहा है इसका सही नजारा शाम को जबलपुर निजामुद्दीन ट्रेन के समय स्टेशन पर देख सकते है। जहां मजदूरों को अपने ग्राम में काम नही मिलने के कारण दिल्ली हरियाणा नोएडा जाना पड़ रहा है। लेकिन रिकार्ड की बात करें तो भलें काम मशीनों से हो रहा है। पर वाकयदा मस्टर रोल चल रहे मजदूरों से काम हो रहा उनका भुगतान किया जा रहा है। जिससे शासन की नजर में तो सब सही चल रहा पर हकीकत जानने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जाकर व स्टेशन पर देखने को मिलता है। जहां मजदूर अपने परिवार सहित अपने ग्राम से पलायन कर रोजगार के लिए घर से बाहर जा रहें है। जनप्रतिनिधि चुनाव के समय अपने ग्राम के लोगों को मतदान के लिए बुलाते हैं। उसके बदले टिकट सहित खर्चा देते हैं कि आकर अपने पक्ष में मतदान करवा लें पर उसके बाद यह नही सोचते हैं कि अब उनको रोजगार भी यही उपलब्ध करा दें ताकि अब अपने ग्राम में ही रहें। निचले स्तर से लेकर ऊपर तक सबको जानकारी है कि योजना किस तरह संचालन हो रहा है। पर सब अपने अपने हिसाब किताब लगाकर योजना को दौड़ा रहे हैं। शासन भी कागजों पर विश्वास करता है जिस पर पूरी तरह संचालन हो रहा अब वह मजदूर कौन है किसके घर परिवार के खातों में पैसा जा रहा इसकी कभी कोई जांच नही करता जिसमें नाम किसी का खाताधारक कोई और मजदूर ऐसे मस्टर रोल पर है जिनको ग्राम के लोगों द्वारा कभी मजदूरी करते नही देखा होगा पर कौन करें निगरानी कौन करें सत्य की जांच। जब सबकी सहमति से पूरा खेल चल रहा और बंदरबांट हो रहा है तो बिना डर के योजनाओं को क्रियान्वित करते जाओ और लाभ कमाते जाओ। योजना में जो राशि दी जाती है उसके हिसाब से सबका अपना अपना फिक्स है। काम 50 प्रतिशत का हो जाए तो बहुत है क्योंकि जो काम कराये उसको राशि जितनी मिलेगी उसके दायरे में ही तो काम होगा। मनरेगा के हाल ऐसे हैं कि मजदूरों का पैसा तो जल्दी मिल जाता पर सामग्री के लिए महीनों तो कहीं कहीं सालों इंतजार करना पड़ता है। उसमें भी पैसा तभी मिलता है जब सब कुछ परिभाषा समझ लें कि कैसे भुगतान होगा। ऐसे में योजना का क्या जो मजदूरों के नाम पर चल रही और संपन्न लोगों को लाभ मिल रहा है। मतलब शासन की राशि फ्री में बिना काम किए मिलती रहें तो मजदूर बनने में क्या गुनाह हैं बना लो। क्या शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी निष्पक्ष जांच कराकर ऐसी योजना की हकीकत का अध्ययन कर जनता के सामने ला पायेंगे। ऐसी जनापेक्षा है।

# सम्यकदृष्टि बनोः मुनिश्री सुधा सागर

**पथरिया।** साधकों को सम्यक दर्शन तक सीमित नहीं होना चाहिए वल्कि सम्यकदृष्टि वनना चाहिए।यह उद्वोधन निर्यापक श्रवणमुनि पुंगवश्री सुधासागर जी महाराज ने अतिशय क्षैत्र श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे। मुनिश्री ने कहा कि धर्मात्मा का सबसे बड़ा लक्षण है क्या उसे अपने स्वयं की गलतियां दिखने लगी है?



स्वयं में दोष दिखने लगे है? क्या वह स्वयं को पापी कहने लगा है? क्या उसके मन में ऐसा भाव आ रहा है कि संसार का सबसे बड़ा पापी में हैं। ऐसी प्रतीति हो, दूसरे के लिए नहीं खुद के लिए। सारे संसार में हम दूसरे के दोष देखने में तो निपुण है। स्वयं के दोष देखें। दूसरे को पापी कहना तो बिल्कुल हमारे मुंह पर रखा है। स्वयं को पापी कहना। स्वयं की आलोचना करना। दूसरे की आलोचना तो निंदा है। नीच गौत्र के वंद का कारण है और स्वयं की आलोचना करना उच्च गौत्र के वंद का कारण है। जितना व्यक्ति अपने सवहयं की निंदा करता है उतना ही उसे उच्च गौत्र कावंद होता है और दूसरे की निंदा करने से नीच गौत्र का वंद होता है। तो ऐसी स्थिति में हर व्यक्ति को यह विचार करना चाहिए आदत डालनी चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि मिथ्या दृष्टि तो अंजाने में पाप कर रहा है और सम्यक दृष्टि तो जानकर के पाप कर रहा है। मुनिश्री ने कहा कि संवधो की अनुभूति होना चाहिए कि यह मेरे भगवान है।धन कम सही धनी की अनुभूति होना चाहिए।